राजस्थान विधान सभा की कार्यवाही का वृत्तान्त

अंक: 10]   चौदहवीं विधान सभा के दसवें सत्र का सत्रहवां दिवस   [संख्या: 12

बुधवार,

21 फरवरी 2018

(राजस्थान विधान सभा की बैठक 11.00 बजे
राजस्थान विधान सभा भवन, जयपुर में प्रारम्भ हुई)

(श्री कैलाश चन्द्र मेघवाल, अध्यक्ष, पदासीन)

श्री अध्यक्ष: नमस्कार, नमस्कार। नमस्कार।

शोकाभिव्यक्ति एवं श्रद्धांजलि

कल्याण सिंह चौहान, श्री, सदस्य

माननीय सदस्यगण, शोकाभिव्यक्ति के इस अवसर पर मैं इस विधान सभा के सदस्य, श्री कल्याण सिंह चौहान के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए यह शोक प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं।

वर्तमान सदन के हमारे साथी श्री कल्याण सिंह चौहान का जन्म 19 नवम्बर, 1959 को राजसमन्द जिले के डगवाड़ा ग्राम में हुआ। आपने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठरिया से उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा प्राप्त की।

श्री कल्याण सिंह चौहान तेरहवीं तथा चौदहवीं विधान सभा में नाथद्वारा निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक रहे। विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप सरकारी आश्वासनों सम्बन्धी समिति, जन लेखा समिति तथा प्राक्कलन समिति 'ख' के सदस्य रहे। विधान सभा में आप अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे।

अपने सार्वजनिक जीवन में श्री चौहान वर्ष 1988 से 1991 तक ग्राम पंचायत कोठरिया के सरपंच, वर्ष 1995 से 2000 तक पंचायत समिति, खमनौर के प्रधान तथा वर्ष 2000 से 2005 तक जिला परिषद राजसमन्द के उप जिला प्रमुख रहे। वर्ष 2005 में पुन: जिला परिषद, राजसमन्द के सदस्य निर्वाचित हुए। पंचायत समिति के प्रधान के रूप में आपको केरल के राज्यपाल द्वारा सम्मानित भी किया गया।

(श्री अध्यक्ष)

सरल एवं सौम्य व्यक्तित्व व स्वभाव वाले श्री चौहान ने गरीबों के उत्थान, महिला सशक्तीकरण व राष्ट्रीय एकता के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य किया।

श्री कल्याण सिंह चौहान का आज दिनांक 21 फरवरी, 2018 को निधन हो गया।

मैं अपनी ओर से तथा इस सदन के सभी माननीय सदस्यों की ओर से दिवंगत के प्रति शोक प्रकट करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं तथा दिवंगत श्री कल्याण सिंह चौहान को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे तथा उनके शोक संतप्त परिजनों को उनका बिछोह सहन करने की शक्ति दे।

माननीय सदस्यगण, कृपया दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें।

(तदनन्तर सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी)

ओम शांति।

सदन की कार्यवाही गुरुवार, दिनांक 22 फरवरी, 2018 को प्रात: 11:00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन की बैठक 11:06 बजे गुरुवार, दिनांक 22 फरवरी 2018 के 11:00 बजे तक के लिए स्थगित हुई।)